# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

### शुक्रवार, दिनांक 15 जनवरी, 2010

### तारांकित प्रश्नोत्तर

गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत स्वीकृत कार्य एवं राशि

1. (*क्र. 31) **श्री विरेन्द्र कुमार साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जल संसाधन विभाग से वर्तमान में कौन-कौन से कार्य हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत है ? (ख) स्वीकृत कार्य में कितने कार्यों को प्रारंभ किया जा चुका है ? (ग) कितने कार्य प्रारंभ होना बाकी है, प्रारंभ नहीं होने का कारण बतावें.

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत जल संसाधन विभाग में वर्तमान में कुल 14 कार्य स्वीकृत है. कार्यों के नाम एवं स्वीकृत राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) स्वीकृत कार्यों में से 13 कार्यों को प्रारंभ किया जा चुका है. विवरण * संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ग) एक कार्य प्रारंभ होना बाकी है, प्रारंभ नहीं होने का कारण वहां लोगों की इस योजना से असहमति है.

हसदो बांगो मिनीमाता परियोजना के अंतर्गत बनाई गई उद्वहन सिंचाई योजना

2. (*क्र. 154) **श्री सौरभ सिंह :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या शासन द्वारा पूर्व में अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत हसदो बांगो मिनीमाता परियोजना के अन्तर्गत आर. बी. सी. से परपासी उद्वहन सिंचाई योजना बनायी गयी थी ? (ख) यदि हां, तो इस योजना पर किस कारण से क्रियान्वयन नहीं किया गया, वर्तमान में इस परियोजना का क्या प्रारूप है ? (ग) हसदो बांगो परियोजना के तहत सिंचाई के लिए सुरक्षित पानी में से कितना एम. सी. एम. पानी इस परियोजना के लिए सुरक्षित रखा गया है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) जी हां. (ख) छत्तीसगढ़ शासन,जल संसाधन विभाग के पत्र क्र. 2820/ज.सं./डी-6/129/व्ही. आई. पी./2001, रायपुर, दिनांक 07-06-2002 द्वारा जारी दिशा निर्देश कि, "उद्वहन योजनाओं का निर्माण नहीं किया जाना है" के परिप्रेक्ष्य में उक्त उद्वहन सिंचाई योजना का क्रियान्वयन नहीं किया गया है. (ग) इस उद्वहन सिंचाई योजना हेतु लगभग 77 एम. सी. एम. जल की मात्रा रखी गई है

जल संसाधन विभाग अंतर्गत अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाना

3. (*क्र. 136) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2009 में रायपुर, दुर्ग एवं राजनांदगांव जिले में कार्यरत जल संसाधन विभाग के किन-किन डिविजन में कौन-कौन से एवं कितने-कितने के किसके-किसके बचे हुए अधूरे कार्यों को किस आधार पर किसके-किसके द्वारा फाइनल किया गया है ? (ख) उक्त कार्यों के ठेके अलग-अलग कितने-कितने के थे तथा कब-कब प्रदान किये गये थे ? समयावधि क्या-क्या निर्धारित थी ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) वर्ष 2009 में रायपुर, दुर्ग एवं राजनांदगांव जिले में कार्यरत जल संसाधन विभाग के अधूरे कार्यों को फाइनल करने की वांछित जानकारी ** संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) उक्त कार्यों के ठेके की अलग-अलग लागत एवं प्रदान करने का दिनांक तथा समयावधि ** संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

---

* परिशिष्ट "एक"　　　　** परिशिष्ट "दो"

<u>प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के निर्माण में अनियमितता</u>

4. ( *क्र. 165 ) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2009-10 में जिला रायपुर एवं बिलासपुर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बन रही सड़कों में अनियमितता बरते जाने के कितने प्रकरण प्राप्त हुए हैं ? सड़कों एवं ठेकेदारों के नाम सहित ब्यौरा दें. ( ख ) सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता की जांच, कब-कब किनके द्वारा की गई ? ( ग ) क्या निर्माण में गुणवत्ता के मानदण्डों को पूरा किया गया ? यदि नहीं तो संबंधित ठेकेदारों/अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम ) : ( क ) जिला रायपुर में 10 एवं बिलासपुर जिले में 21. जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. ( ख ) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. ( ग ) जी नहीं, गुणवत्ता के मानदण्डों को पूरा न करने वाले ठेकेदारों को कारण बताओ सूचना जारी की गई है तथा पुन: मानक अनुसार निर्माण करने के निर्देश दिये गये हैं. एक ठेकेदार को छोड़कर शेष ठेकेदारों द्वारा सुधार कार्य कराया जा रहा है. समयावधि में सुधार कार्य नहीं कराये जाने पर अनुबंध अनुसार कार्यवाही की जावेगी. प्रश्नाधीन अवधि में किसी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई है.

<u>रविशंकर सागर ( गंगरेल ) बांध से तांदुला जलाशय तक नहर निर्माण</u>

5. ( *क्र. 176 ) **श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) क्या रविशंकर सागर ( गंगरेल ) बांध का पानी वर्षाकाल में तांदुला जलाशय में लाने नहर निर्माण की योजना प्रस्तावित है ? ( ख ) यदि हां, तो उक्त नहर निर्माण हेतु विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) रविशंकर सागर ( गंगरेल ) बांध का पानी वर्षाकाल में तांदुला जलाशय में लाने के लिये नहर निर्माण की योजना विचाराधीन है. ( ख ) उक्त नहर निर्माण हेतु सर्वेक्षण के लिए मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर द्वारा रु. 49.57 लाख का प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत किया गया है, जिसकी स्वीकृति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है.

<u>राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी</u>

6. ( *क्र. 145 ) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) क्या राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2006-07 में मुख्य नहर कि. मी. 61.30 से 69.28 तक मिट्टी का कार्य एवं स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य तथा राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना द्वितीय चरण के 28000 हेक्टेयर क्षेत्र हेतु टोटल स्टेशन के द्वारा टोपो ग्राफिकल सर्वेक्षण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई थी ? यदि हां, तो कब ? क्या उक्त दोनों कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? कब तक निविदा आमंत्रित की जावेगी ? कार्य कब तक प्रारंभ हो जावेगा एवं सिंचाई की सुविधा कब से उपलब्ध हो सकेगी ? ( ख ) क्या वित्तीय वर्ष 2006-07 में राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना द्वितीय चरण अंतर्गत मुख्य नहर कि. मी. 31.33 से 44.77 तक मिट्टी का कार्य एवं स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य तथा मुख्य नहर कि. मी. 44.77 से 49.99 तक मिट्टी का कार्य एवं मेशनरी स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य तथा मुख्य नहर कि. मी. 49.99 से 61.30 तक मिट्टी का कार्य एवं मेशनरी स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है ? यदि हां, तो क्या कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो कब एवं यदि नहीं तो क्यों ? कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) जी हां. उक्त कार्यों की स्वीकृति क्रमश: दिनांक 11-10-2006 एवं दिनांक 24-04-2008 को दी गई है. उक्त दोनों कार्यों हेतु क्रमश: दिनांक 14-08-2008 एवं दिनांक 21-01-2009 को निविदा आमंत्रित की गई. दोनों कार्य प्रगति पर है. ग्राम बनरसी के कृषकों के द्वारा मान. जिला न्यायालय रायपुर में भू-अर्जन के मुआवजा भुगतान की दर परिवर्तन हेतु याचिका दायर की गई है एवं ग्राम मोहगांव के कृषकों द्वारा नहर निर्माण कार्य हेतु भूमि हस्तांतरण नहीं की जा रही है अतएव सिंचाई उपलब्ध कराने की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है. ( ख ) जी हां. प्रश्नाधीन तीनों कार्य अपूर्ण है. कुछ भू-अर्जन प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं, अत: कार्य की पूर्णता की निश्चित अवधि बताया जाना संभव नहीं है.

<u>प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में संस्कृत शिक्षा का अध्यापन</u>

7. ( *क्र. 120 ) **महंत रामसुन्दर दास :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) प्रदेश में कुल कितने

---

† परिशिष्ट "तीन"

शासकीय महाविद्यालय संचालित हैं ? जिलेवार बतायें ? (ख) कितने महाविद्यालयों में संस्कृत शिक्षा की पढ़ाई स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर की जाती है ? पृथक-पृथक बतायें ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) संस्कृत शिक्षा की पढ़ाई स्नातक स्तर पर 14 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 04 शासकीय महाविद्यालयों में.

रायगढ़ जिला में रोजगार गारण्टी योजना अंतर्गत अनियमितता को प्राप्त शिकायतें

8. (*क्र. 49) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008-2009 एवं 2009-2010 में रोजगार गारण्टी योजनांतर्गत रायगढ़ जिले में कितनी ग्राम पंचायतों की शिकायतें अनियमितता एवं सड़क निर्माण में सही गुणवत्ता न होने हेतु की गई है ? विकासखण्डवार, ग्राम पंचायतवार जानकारी देवें. (ख) शिकायतों पर अब-तक क्या कार्यवाही की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

सिलफिली एवं विश्रामपुर महाविद्यालयों में स्वीकृत एवं रिक्त पद

9. (*क्र. 215) **श्री रविशंकर त्रिपाठी :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सिलफिली एवं विश्रामपुर में शासकीय महाविद्यालयों में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, प्रयोगशाला तकनिशियन, कार्यालय सहायक ग्रेड-2 व 03, भृत्य एवं स्वीपर के कितने पद स्वीकृत हैं एवं वर्तमान में कितने कार्यरत हैं तथा कितने रिक्त हैं ? (ख) रिक्त पद कब तक भर लिये जायेंगे ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

"राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी" योजना के तहत स्वीकृत कार्यों में मजदूरी एवं सामग्री का प्रतिशत

10. (*क्र. 188) **श्री परेश बागबाहरा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या "राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी" योजना के तहत जिला रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव तथा महासमुंद में वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में 23 दिसम्बर, 2009 तक स्टापडेम, चेकडेम, नहर, नाली निर्माण, नहर लाईनिंग कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) उपरोक्त निर्माण कार्यों में मजदूरी एवं सामग्री का प्रतिशत क्या है ? (ग) 01 अप्रैल, 2009 से 23 दिसम्बर, 2009 तक स्वीकृत कार्यों में उक्त जिलों में मजदूरी एवं सामग्री का प्रतिशत क्या है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां. (ख) जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ग) जानकारी ‡ संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

अहिवारा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कें

11. (*क्र. 114) **श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अहिवारा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत कितनी सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई ? सड़क का नाम, दूरी, लागत राशि बतायें ? (ख) प्रश्नांश (क) में उल्लेखित सड़कों में से कितनी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है ? कितनी सड़कों का कार्य अपूर्ण है ? कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? (ग) प्रश्नांश (क) में उल्लेखित सड़कों की निर्माण एजेन्सी (ठेकेदार) का नाम बतावें ? (घ) अहिवारा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2009-10 में कितनी सड़कें प्रस्तावित हैं ? सड़क का नाम, दूरी, लागत राशि बतायें ? प्रस्तावित सड़कों का निर्माण कब तक प्रारंभ किया जावेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) वर्ष 2007-08 में 3 एवं 2008-09 में 4, कुल 7 सड़कें स्वीकृत. जानकारी ‡‡ संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) 2 सड़कें पूर्ण, 5 सड़कें अपूर्ण. दिनांक 31-01-2010 तक पूर्ण होने की संभावना है. (ग) जानकारी ‡‡ संलग्न प्रपत्र "अ" के स्तंभ 6 में दर्शित है. (घ) चार सड़कें. जानकारी जानकारी ‡‡ संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है. प्रस्तावित सड़कों का निर्माण भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् प्रारंभ किया जावेगा.

† परिशिष्ट "चार" †† परिशिष्ट "पांच" ‡ परिशिष्ट "छः" ‡‡ परिशिष्ट "सात"

## रायगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत उद्‌वहन सिंचाई योजना की स्थिति

12. ( *क्र. 11) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कहां-कहां एवं कब-कब से उद्‌वहन सिंचाई योजना संचालित है ? (ख) उक्त संचालित उद्‌वहन सिंचाई योजना में कितनी बंद हैं ? (ग) स्थापित उद्‌वहन सिंचाई परियोजना से पिछले तीन वर्षों में कितनी सिंचाई की गई ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) रायगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग द्वारा कोई भी उद्‌वहन सिंचाई योजना संचालित नहीं है. (ख) एवं (ग) उपरोक्त "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

## जिला कोरिया के खड़गवां जनपद पंचायत में निर्माणाधीन सिंघत जलाशय से संबंधित

13. ( *क्र. 200) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला कोरिया के खड़गवां जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुग्गी के ग्राम सिंघत में आदिवासी उप योजना मद से सिंघत जलाशय योजना का कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 2007 में स्वीकृत कर जलाशय का निर्माण कराया जा रहा है ? यदि हां, तो योजना की लागत निर्माण पूर्ण करने की अवधि, कार्य आदेश देने की तिथि एवं ठेकेदार का नाम बतायें ? (ख) क्या यह सत्य है कि उक्त जलाशय के बांध का मुख्य हिस्सा वर्ष 2009 की बारिश में बह गया है ? (ग) यदि हां, तो दोषी अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई है ? (घ) प्रश्न (क) में पूछे गये जलाशय के निर्माण हेतु ठेकेदार को कितनी राशि का भुगतान 26 दिसम्बर, 2009 तक किया गया है ?

**जल संसाधन** मंत्री (श्री हेमचंद यादव) : (क) जी हां. योजना की कुल लागत रु. 112.49 लाख है. योजना के निर्माण कार्य को पूर्ण करने की अवधि जून 2010 प्रस्तावित है. कार्य आदेश देने की तिथि दिनांक 20-02-2009 है तथा ठेकेदार का नाम श्री बैजनाथ अग्रवाल, बैकुंठपुर है. (ख) जी नहीं. (ग) उपरोक्त "ख" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (घ) सिंघत जलाशय के निर्माण हेतु ठेकेदार को दिनांक 26-12-2009 तक रु. 64.18 लाख का भुगतान किया गया है.

## गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के जर्जर मार्गों को मरम्मत हेतु स्वीकृत राशि

14. ( *क्र. 36) **श्री विरेन्द्र कुमार साहू** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जर्जर हो चुके कौन-कौन से मार्ग के मरम्मत कार्य हेतु विभाग द्वारा राशि स्वीकृत की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कोई सड़क जर्जर नहीं है. अतः सड़क मरम्मत के लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई है.

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कार्य समाप्ति हेतु समय-सीमा का प्रावधान

15. ( *क्र. 155) **श्री सौरभ सिंह** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत एक ग्रुप का कार्य समाप्त करने के लिए कितने समय-सीमा का प्रावधान है ? समय-सीमा पर काम खत्म न करने पर क्या-क्या दण्ड और पेनाल्टी का प्रावधान है ? (ख) राज्य में वित्तीय वर्ष 2009-10 (दिसंबर 2009) में किस-किस ग्रुप के तहत किन-किन ठेकेदारों ने समय अवधि के अंदर कार्य समाप्त नहीं किया है ? जिलेवार जानकारी बतायें. इनमें से कौन-कौन से ठेकेदारों को कितने समय अवधि के लिये काम खत्म करने की अनुमति दी गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री रामविचार नेताम) : (क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एक ग्रुप (पैकेज) का कार्य पूर्ण करने की अवधि सामान्यतया 01 वर्ष (वर्षाकाल को मिलाकर) निर्धारित है. समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में अनुबंध अनुसार प्रथम चरण में 0.25% प्रति सप्ताह अधिकतम 6%, द्वितीय एवं तृतीय चरण में 0.5% प्रति सप्ताह अधिकतम 6% तथा उसके पश्चात् 1% प्रतिसप्ताह अधिकतम 10% शास्ति अधिरोपित करने तथा निविदा अनुबंध निरस्त किये जाने का प्रावधान है. (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

## जल संसाधन विभाग में संविदा नियुक्ति

16. ( *क्र. 137 ) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 26 दिसम्बर, 2009 की स्थिति में जल संसाधन विभाग में किन-किन सहायक अभियंता, कार्यपालन यंत्री, अधीक्षक यंत्री तथा मुख्य अभियंता को सेवानिवृत्ति के बाद संविदा नियुक्ति प्रदान कर, कहां-कहां पदस्थ किया गया है ? (ख) किन-किन सहायक अभियंता, कार्यपालन यंत्री, अधीक्षण यंत्री तथा मुख्य अभियंताओं को मूलपद से उच्च पद पर किन-किन कारणों से पदस्थ किया गया है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) दिनांक 26 दिसम्बर 2009 की स्थिति में जल संसाधन विभाग में निम्नांकित दो मुख्य अभियंताओं को सेवानिवृत्ति के बाद संविदा नियुक्ति प्रदान कर, निम्नानुसार पदस्थ किया गया है :—

1. श्री आर. एन. मिश्रा, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग रायपुर.
2. श्री सुबोध कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता, मिनीमाता (हसदेव) परियोजना, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर. सहायक अभियंता, कार्यपालन यंत्री, अधीक्षण यंत्री संविदा नियुक्ति पर कार्यरत नहीं हैं.

(ख) प्रशासनिक कारणों को दृष्टिगत रखते हुये † संलग्न परिशिष्ट अनुसार उच्च पद का प्रभार सौंपा गया है.

## दुर्ग विकासखण्ड में मुख्य सड़क मार्ग से ग्राम चिंगरी पहुंच मार्ग निर्माण हेतु स्वीकृत राशि

17. ( *क्र. 179 ) **श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या दुर्ग-बालोद मुख्य मार्ग से दुर्ग विकासखण्ड में ग्राम चिंगरी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण स्वीकृत है ? (ख) यदि हां, तो कितने किलोमीटर लंबी सड़क हेतु कितनी राशि स्वीकृत हुई है ? (ग) कितना कार्य हो चुका है ? कितने किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य शेष है ? वर्तमान में सड़क निर्माण कार्य बंद क्यों हैं ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) जी हां. (ख) 3.10 कि. मी. लंबी सड़क हेतु रु. 95.29 लाख. (ग) 1.95 किमी. कार्य पूर्ण. 1.15 कि. मी. सड़क निर्माण शेष. आबादी न होने के कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार कार्य की आवश्यकता नहीं होने के कारण.

## जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कें

18. ( *क्र. 121 ) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 2008-09 एवं 2009-10 में कितने एवं कहां से कहां तक की सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाया जा रहा है ? (ख) निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कराया जायेगा ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य मार्ग से सोनसरी | 2. | मुख्य मार्ग से अकलसरा |
| 3. | मुख्य मार्ग से ठूठी | 4. | मुख्य मार्ग से दतौद |
| 5. | मुख्य मार्ग से बेलकर्री | 6. | मुख्य मार्ग से मुक्ता |
| 7. | मुख्य मार्ग से काशीगढ़ | 8. | ओड़ेकेरा से परसाडीह |
| 9. | मुख्य मार्ग से पचौरी | 10. | मुख्य मार्ग चोरिया से लखौली |
| 11. | बिर्रा बनडभरा से सोनादाह | | |

(ख) दिसम्बर 2010 तक पूर्ण होने की संभावना है.

† परिशिष्ट "आठ"

रायगढ़ जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी

19. ( *क्र. 50) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिला में वित्तीय वर्ष 2008-2009 एवं 2009-2010 में दिनांक 26-12-2009 तक किन-किन कार्यों हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के तहत कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई ? (ख) स्वीकृत कार्यों में कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कितने अपूर्ण हैं ? अपूर्ण कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? (ग) क्या कुछ कार्य ऐसे भी हैं, जिनको प्रारंभ ही नहीं किया गया ? यदि हां, तो कितनी संख्या में हैं ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) वर्ष 2008-09 के 1070 कार्य पूर्ण एवं 479 अपूर्ण तथा वर्ष 2009-10 के 36 कार्य पूर्ण एवं 58 कार्य अपूर्ण है. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है. (ग) जी हां, वर्ष 2008-09 के 235 एवं वर्ष 2009-10 के 75 कार्य.

जिला दुर्ग में लाईनिंग कार्य हेतु स्वीकृत राशि

20. ( *क्र. 164) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला दुर्ग के मुपकोन्हा वितरिका शाखा नहर लाईनिंग कार्य के लिए कितनी राशि की स्वीकृति किन-किन कार्यों के लिए दी गई ? मदवार ब्यौरा दें ? (ख) प्रश्नांश "क" के प्राक्कलन के तहत सीएनसी की मोटाई, नहर की गहराई/चौड़ाई एवं स्लीपर निर्माण के मापदण्ड क्या रखे गए हैं ? क्या निर्धारित प्राक्कलन के तहत कार्य पूरा किया गया ? (ग) क्या कार्य में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हां तो, क्या कार्यवाही की गई ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) दुर्ग जिले में मुपकोन्हा वितरिका शाखा नहर न होकर सुपकोन्हा वितरिका शाखा नहर है. सुपकोन्हा वितरिका नहर के जीर्णोद्धार एवं रिमाडलिंग कार्य की स्वीकृति रु. 26.28 करोड़ की "75/4700 वृहद परियोजना नाबार्ड" मद के अंतर्गत दी गई. उपशीर्षवार विवरण निम्नानुसार है—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | "ए" प्रिलिमिनरी | रु. | 3.68 लाख |
| 2. | "सी" मेसेनरी (लाईनिंग) | रु. | 1761.28 लाख |
| 3. | "एल" अर्थ वर्क | रु. | 241.48 लाख |
| 4. | "डी" रेगुलेटर तथा "जी" ब्रिज (पक्के कार्य) | रु. | 619.40 लाख |
| 5. | "ओ" मिसलिनियस | रु. | 1.88 लाख |
| | योग | रु. | 2627.72 लाख (रु. 26.28 करोड़) |

(ख) सुपकोन्हा वितरक नहर के स्वीकृत प्राक्कलन में सी.एन.एस. की मोटाई, नहर की गहराई/चौड़ाई एवं स्लीपर निर्माण की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, अपितु स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार ही अभी तक कार्य किया गया है एवं शेष कार्य प्रगति पर है. (ग) जी नहीं. कार्य में अनियमितता की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

भटगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत निर्मित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़कों की गुणवत्ता संबंधी प्राप्त शिकायतें

21. ( *क्र. 216) **श्री रविशंकर त्रिपाठी :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता खराब होने की कितनी शिकायतें भटगांव विधान सभा क्षेत्रांतर्गत 2007-2008, 2008-2009 एवं 2009-2010 में प्राप्त हुई ? (ख) क्या शिकायतों पर जांच कराई गई है ? (ग) कौन-कौन दोषी पाये गये ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई. (ख) एवं (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

† परिशिष्ट "नौ"

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत खल्लारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत कराये गये कार्य

22. ( *क्र. 189) **श्री परेश बागबाहरा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) खल्लारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत वर्ष 01 अप्रैल 2009 से 23 दिसम्बर 2009 तक कुल कितने कार्य, कितनी राशि के स्वीकृत किये गये ? पंचायतवार जानकारी प्रदान करें. (ख) उपरोक्त अवधि में स्वीकृत कार्यों के आधार पर जॉब कार्डधारियों को कितने-कितने दिनों का रोजगार उपलब्ध हो सका ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) कुल 408 कार्य रु. 2591.21 लाख के स्वीकृत किये गये पंचायतवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) मांग के आधार पर औसतन 16 मानव दिवस रोजगार उपलब्ध कराया गया.

रायगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत निर्माण कार्यों की स्वीकृति

23. ( *क्र. 12) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले के रायगढ़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में 26 दिसंबर, 09 तक कौन-कौन से कार्य, कितनी-कितनी लागत के कहां-कहां स्वीकृत किए गए ? (ख) उक्त स्वीकृत कितने कार्य 26-12-09 तक प्रारंभ नहीं किये गये है ? प्रारंभ नहीं होने के क्या कारण है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे "परिशिष्ट-एक" में दर्शित है. (ख) वर्ष 2008-09 में 66 कार्य एवं वर्ष 2009-10 में 09 कार्य. जानकारी पुस्तकालय में रखे "परिशिष्ट-दो" में दर्शित है.

राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को भुगतान हेतु शेष राशि

24. ( *क्र. 201) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला पंचायत बिलासपुर द्वारा ग्राम पंचायतों को, जल संसाधन विभाग, वन विभाग, आर. ई. एस. को वर्ष 2008-2009 एवं वर्ष 2009-2010 में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्रदान की गई राशि में से 26 दिसम्बर, 2009 तक कितने मजदूरों की कितनी राशि की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है ? विकासखण्डवार, विभागवार राशि का आंकड़ा दें ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री रामविचार नेताम) : कुल 27,548 मजदूरों का रु. 2,30,09,698/- का भुगतान लंबित है. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

---

† परिशिष्ट "दस"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 31) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का विवरण

(रु. लाख में)

| क्र. | संभाग का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृति की राशि | कार्य प्रारंभ करने की तिथि | अभियुक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | कार्यपालन अभियंता तान्दुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग. | सुपकोन्हा डिस्ट्रीब्यूटरी लाईनिंग एवं रिमाडलिंग 0 से 39 कि. मी. | रु. 2628.00 लाख | दिनांक 21-02-2008 | 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण. |
| 2. | --,,-- | सकरौद डिस्ट्रीब्यूटरी लाईनिंग एवं रिमाडलिंग | रु. 749.36 लाख | दिनांक 23-12-2009 | कार्य प्रगति पर |
| 3. | --,,-- | अरमरी डिस्ट्रीब्यूटरी लाईनिंग एवं रिमाडलिंग 0 से 15.3 कि. मी. | रु. 570.66 लाख | दिनांक 04-07-2008 | कार्य प्रगति पर |
| 4. | --,,-- | खपरी नहर कार्य | रु. 299.70 लाख | दिनांक 28-01-2009 | 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण |
| 5. | --,,-- | साजा जलाशय एवं नहर कार्य | रु. 43.30 लाख | दिनांक 08-06-2009 | 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण |
| 6. | --,,-- | मनोहरा स्टापडेम | रु. 50.86 लाख | दिनांक 07-10-2008 | कार्य पूर्ण |
| 7. | कार्यपालन अभियंता खरखरा मोंहदीपाट परियोजना संभाग, दुर्ग. | सम्बलपुर जलाशय (नाहंदा) | रु. 68.99 लाख | - | जन विरोध के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है. |
| 8. | --,,-- | रापोनवागांव जलाशय (गुण्डरदेही विधान सभा आंशिक). | रु. 392.63 लाख | दिनांक 08-10-2008 | कार्य प्रगति पर |
| 9. | --,,-- | खरखरा बांयी तट नहर प्रणाली की लाईनिंग (गुण्डरदेही विधान सभा आंशिक). | रु. 877.61 लाख | दिनांक 07-09-2006 | कार्य प्रगति पर |
| 10. | --,,-- | फरदफोड़ स्टापडेम | रु. 43.72 लाख | दिनांक 04-06-2008 | कार्य प्रगति पर |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | कार्यपालन अभियंता खरखरा मोहदीपाट परियोजना संभाग, दुर्ग. | गंधरीकसही एनीकट | रु. 239.03 लाख | दिनांक 08-12-2007 | कार्य पूर्ण |
| 12. | --,,-- | देवरी पार्री एनीकट | रु. 193.50 लाख | दिनांक 03-05-2007 | कार्य पूर्ण |
| 13. | --,,-- | भरदा टटेंगा एनीकट | रु. 224.73 लाख | दिनांक 22-08-2007 | कार्य पूर्ण |
| 14. | --,,-- | खरखरा बांयी तट नहर प्रणाली के लाईनिंग (गुण्डरदेही विधान सभा आंशिक) | रु. 1289.89 लाख | दिनांक 19-03-2008 27-01-2009 | कार्य प्रगति पर |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 03 (क्र. 136) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

राशि-रुपये लाख

| स. क्र. | जिले का नाम संभाग का नाम | अधूरे छोड़े गये कार्य का नाम | ठेके की मूल राशि/स्वीकृत पूरक अनुसूची सहित राशि | अनुबंध की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि मूल अवधि | समयावृद्धि के अनुसार | दण्ड रहित/ दण्ड सहित | अधूरे छोड़े गये कार्य की लागत (लाख में) | ठेकेदारों का नाम | छोड़े गये कार्य का अधूरा अंतिम करने का आधार | अनुबंध अंतिम करने वाले कार्यपालन अभियंता का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
| **महानदी परियोजना, रायपुर** | | | | | | | | | | | | |
| 1. | रायपुर/जल प्रबंध संभाग क्र. 1 रायपुर. | महानदी मुख्य नहर के कि. मी. 49.20 कि. मी. 70.00 तक डी. सी. बाहरी स्लोप में ड्राई स्टोन पिंचिंग का कार्य. | 25.23 | 01-12-2006 | 31-05-2007 (6 माह) | - | - | 12.22 | श्री मुकेश कुमार अग्रवाल अ-4 श्रेणी ठेकेदार | चूंकि इस रीच में वर्तमान में लाईनिंग कार्य की एजेंसी तय हो जाने के फलस्वरूप इस कार्य को आगे जारी रखा जाना युक्ति संगत नहीं था. जिसके कारण निविदा कंडिका 4.3.14 के अंतर्गत इस कार्य को अधूरे में ही फाईनल किया गया है. | श्री जे. पी. अग्रवाल | - |
| 2. | रायपुर/म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 3 तिल्दा जिला-रायपुर (छ. ग.) | किरना वितरक नहर के अंतर्गत देवरी माईनर एवं सड्डू माईनर एवं मनोहरा माईनर एवं सड्डू माईनर के 10 नग पक्के कार्यों एवं मिट्टी कार्यों के शेष कार्य तथा मढ़ी वितरक नहर के 4 नग पक्के कार्यों एवं मिट्टी का कार्य. | 10.70 | 20-04-07 | 4 माह | 30-04-09 | दण्ड सहित | 6.65 | श्री नरेन्द्र कुमार दुबे अ-2 वर्ग ठेकेदार ग्राम पिकरीडीह. | भू-अर्जन की दरों में की दरों में विभिन्नता होने के कारण मुआवजा लेने से एवं जमीन देने से इंकार. | श्री एस. के. पाठक | |
| 3. | रायपुर/म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 3 तिल्दा जिला-रायपुर (छ. ग.) | भाटापारा शाखा नहर के कि. मी. 0.00 से 2.00 तक लाईनिंग का कार्य. | 271.95 | 18-05-07 | 6 माह | 31-03-09 | दण्ड सहित | 97.52 | श्री सुनील कुमार अग्रवाल अ-5 वर्ग ठेकेदार रायगढ़. पिकरीडीह. | समयावधि विस्तार एवं अपूर्ण कार्य 1. | श्री एस. के. पाठक | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | राजनांदगांव/बैराज ज. सं. सं. डोंगरगांव | घुमरियानाला बैराज के शीर्ष कार्य बैराज पार्श्व तट तथा 2 नग स्लूस एवं एप्रोच रोड निर्माण. | 854.36 / 1474.37 | 19-07-05 | 19-07-07 | 15-03-09 | दण्ड सहित | 436.49 | मेसर्स अमर बिल्डर्स अ-5 वर्ग, दुर्ग. | ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु समयवृद्धि आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. | श्री. ए. डी. वैष्णव | |
| 5. | राजनांदगांव/बैराज ज. सं. सं. डोंगरगांव | घुमरियानाला बैराज के बांयी तट नहर के मुख्य नहर के आर. डी. 4500 मी. से 9000 मी. तक मिट्टी का कार्य पक्के कार्य. | 145.04 / 177.48 | 26-12-05 | 26-11-05 | 31-03-09 | दण्ड सहित | 31.06 | मेसर्स विजय कुमार मिश्रा एंड कंपनी अ-5 वर्ग दुर्ग. | ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु समयवृद्धि आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. | श्री. ए. डी. वैष्णव | |
| 6. | राजनांदगांव/बैराज ज. सं. सं. डोंगरगांव | घुमरियानाला बैराज के बांयी तट नहर के मुख्य नहर के आर. डी. 9000 मी. से 13500 मी. तक मिट्टी का कार्य पक्के कार्य. | 160.12 | 24-01-06 | 24-12-06 | 31-03-09 | दण्ड सहित | 32.51 | मेसर्स विजय कुमार मिश्रा एंड कंपनी अ-5 वर्ग दुर्ग. | भू-अर्जन अवार्ड राशि पारित होने के पश्चात भी कृषकों द्वारा मुआवजा राशि का भुगतान न लेने के कारण तथा भूमि उपलब्ध न होने के कारण. | श्री. ए. डी. वैष्णव | |
| 7. | राजनांदगांव/बैराज ज. सं. सं. डोंगरगांव | मोंगरा परियोजना के दांयी तट मुख्य नहर आर. डी 6500 मी. से12420 मी. तक मिट्टी कार्य एवं 27 नग पक्के कार्य का निर्माण. | 206.37 | 15-04-08 | 15-03-09 | 30-06-09 | दण्ड सहित | 87.00 | मेसर्स कृष्णा कन्स्ट्र. कंपनी, अ-5 वर्ग दुर्ग. | नहर एलाईनमेंट परिवर्तन होने के कारण ठेकेदार द्वारा आगे कार्य करने में असमर्थता बताते हुए अंतिम भुगतान हेतु निवेदन किया गया. | श्री. ए. डी. वैष्णव | |
| 8. | दुर्ग/ज.सं.सं. बेमेतरा | हेम्प नदी पर अंधियारखोर एनीकट का निर्माण कार्य. | 24.30 | 15-02-07 | 14-06-08 | - | - | 19.35 | श्री रमेश कुमार गुप्ता, अ-3 वर्ग, अंबिकापुर | लागत राशि रु. 4.95 लाख का कार्य संपादित कर बिना सूचना एवं कारण के कार्य बंद कर दिया गया उक्त कार्य अपूर्ण अंतिमकर डेफिसेयल क्लाज के अंतर्गत. | श्री ए. के. शर्मा | समयावृद्धि हेतु ठेकेदार द्वारा आवेदन नहीं किया गया. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | दुर्ग/खरखरा मोहदीपाट परियोजना संभाग दुर्ग. | खोलझर जलाशय क्र. 1 के मुख्य बांध हेड स्लूस सेन्टर सिपल्वे नहर में मिट्टी का कार्य एवं नहर के पक्के कार्य. | 144.58 | 06-10-06 | 07-09-06 | - | - | 144.58 | श्री सुनील कुमार अग्रवाल अ-5 वर्ग, रायगढ़. | नलवानी के ग्रामवासियों केविरोध के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया. | श्री ए. के. शर्मा | कार्य प्रारंभ नहीं किया गया. |
| 10. | दुर्ग/खरखरा मोहदीपाट परियोजना संभाग दुर्ग. | लोहारटोला जलाशय के शीर्ष कार्य का बकाया कार्य नाला क्लोजर सहित स्लूस वेस्ट विवर नहर के मिट्टी का कार्य 7 नग पक्के कार्य सहित. | 76.99 | 02-02-07 | 01-12-07 | - | - | 76.99 | श्री सुनील कुमार अग्रवाल अ-5 वर्ग, रायगढ़. | समस्त ग्रामवासियों एवं सरपंच सचिव ग्राम बड़ा डुंगेरा नहीं किया द्वारा जनविरोध के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया. | श्री एस. के. अवधिया | कार्य प्रारंभ नहीं किया गया. |
| 11. | दुर्ग/खरखरा मोहदीपाट परियोजना संभाग दुर्ग. | लोधीटोला जलाशय के शीर्ष कार्य के मिट्टी का कार्य स्लूस वेस्ट विवर स्पील चेनल के मिट्टी का कार्य नहर के मिट्टी का कार्य एवं 7 नग पक्के कार्य सहित. | 94.67 | 02-02-07 | 01-01-08 | - | - | 94.67 | श्री सुनील कुमार अग्रवाल अ-5 वर्ग, रायगढ़. | समस्त ग्रामवासियों एवं सरपंच सचिव ग्राम मोच्चर एवं मोकादाह के विरोध के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया. | श्री एस. के. अवधिया | कार्य प्रारंभ नहीं किया गया. |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 165) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**रायपुर एवं बिलासपुर जिले के अनियमितता संबंधी जानकारी**

| स. क्र. (1) | जिला का नाम (2) | सड़क का नाम (3) | ठेकेदार का नाम (4) | रिमार्क (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | भंडारपुरी से धौराभाठा | मेसर्स संजय अग्रवाल | |
| 2. | रायपुर | लवन से अहिल्दा | मेसर्स संजय अग्रवाल | |
| 3. | रायपुर | लवन से सरखोर | मेसर्स संजय अग्रवाल | |
| 4. | रायपुर | बरदा से ढनढनी | मेसर्स संजय अग्रवाल | |
| 5. | रायपुर | चिरपोट से कोहरौद | मेसर्स संजय अग्रवाल | |
| 6. | रायपुर | गिरौदपुरी से बरेली मार्ग | मेसर्स कीर्तन लाल बरेठ | |
| 7. | रायपुर | मुख्य मार्ग से पीपरवाही | बाफना अर्थ मूवर्स | |
| 8. | रायपुर | कोकड़ी से भिलाई | मेसर्स जी. सी. जैन | |
| 9. | रायपुर | हरदी से डॉगनबाय | बाफना अर्थ मूवर्स | |
| 10. | रायपुर | परसदा खपरी (दूत:) | मेसर्स गुलाब चन्द्र जैन | |
| 11. | बिलासपुर | अमेरी से अकबरी | मेसर्स अनिल कंस्ट्रक्शन कम्पनी | |
| 12. | बिलासपुर | कोटा पंडरिया रोड से बांधा | मेसर्स अनिल कंस्ट्रक्शन कम्पनी | |
| 13. | बिलासपुर | L089 भैरवडीह | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 14. | बिलासपुर | T13 भरारी से परसदा | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 15. | बिलासपुर | T08 धमनी से तैलसरा | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 16. | बिलासपुर | T07 पासिद से मंगला (पी) | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 17. | बिलासपुर | बिलासपुर सिपद रोड से चिल्हाटी. | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 18. | बिलासपुर | T09 निपनिया से पेण्डरवा सम्बलपुरी. | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 19. | बिलासपुर | बिल्हा से दगोरी रोड से गोढ़ी | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 20. | बिलासपुर | बिल्हा से मुड़ीपार | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 21. | बिलासपुर | T08 से बोड़सरा | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | |
| 22. | बिलासपुर | बिलासपुर कटघोरा रोड से बेलपारा सल्का. | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | |
| 23. | बिलासपुर | बिलासपुर परसाही से उरतुम | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |
| 24. | बिलासपुर | बिलासपुर कटघोरा रोड से जलसो से पोन्सरा. | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रकशन प्रा. लि. | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 25. | बिलासपुर | T04 (बिलासपुर रायपुर रोड) से बदरा (ब) | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | |
| 26. | बिलासपुर | T02 (सीपत बलोदा रोड) से दर्राभाठा. | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | |
| 27. | बिलासपुर | T07 (जैरामनगर गतौरा आर. डी.) से परसदा (क) | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | |
| 28. | बिलासपुर | केंदा से मझगवां | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | |
| 29. | बिलासपुर | कोरामुडा से कुरदर | मेसर्स आर. के ट्रांसपोर्ट एण्ड कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. | |
| 30. | बिलासपुर | रतनपुर कटघोरा रोड से कर्रा | मेसर्स अमर बिल्डर्स | |
| 31. | बिलासपुर | गौरेला केंवची रोड से बैगाटोला. | मेसर्स लैंड मार्क इंजीनियर | |

प्रपत्र "ब"

## अनियमितता शिकायत प्राप्त सड़कों के निरीक्षण का विवरण

| स. क्र. (1) | जिला का नाम (2) | पैकेज क्रमांक (3) | सड़क का नाम (4) | निरीक्षणकर्ता अधिकारी का नाम (5) | निरीक्षण दिनांक (6) | रिमार्क (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | सी. जी. 14-53 | भंडारपुरी से धौराभाठा | श्री आर. पी. शर्मा (एस. क्यू. एम)<br>श्री एच. एस. खरे, अधीक्षण अभियंता | 26-05-2009<br>31-07-2009 | आर. डी. 0 मी. से 3400 मी. तक किया गया सम्पूर्ण सबग्रेड का कार्य उखड़वाकर पुनः निर्माण करने के निर्देश दिये गये, |
| 2. | रायपुर | सी. जी. 14-57 | लखन से अहिल्दा | श्री एच. एस. खरे, (अधीक्षण अभियंता) | 19-08-09<br>08-10-09<br>30-10-09 | लखन से अहिल्दा मार्ग से 3 सीडी वर्क को तोड़कर पुनः निर्माण किये जाने हेतु निर्देश दिये गये तथा सभी कार्यों को अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार सुधार कार्य करने हेतु निर्देश. कार्यपालन अभियंता द्वारा संबंधित ठेकेदार के द्वारा जीएसबी खराब कार्य को अमान्य किया गया. |
| 3. | रायपुर | सी. जी. 14-57 | लखन से सरखोर | श्री एच. एस. खरे, (अधीक्षण अभियंता)<br>निसार अहमद (एस. क्यू. एम.) | 08-10-09<br>22-04-09 | श्री निसार अहमद (एस. क्यू. एम.) द्वारा लखन से सरखोर मार्ग का निरीक्षण किया गया, जिसे यू दिया गया. सभी कार्यों को अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार सुधार कार्य करने हेतु निर्देश. |
| 4. | रायपुर | सी. जी. 14-57 | बरदा से हनडनी | श्री एच. एस. खरे, (अधीक्षण अभियंता) | 08-10-09 | अधीक्षण अभियंता द्वारा जी. एस. बी. एवं शोल्डर कार्य सुधार हेतु निर्देशित किया गया. |
| 5. | रायपुर | सी. जी. 1457 | चिरपोट से कोहरोद | श्री एच. एस. खरे, (अधीक्षण अभियंता) | 08-10-09 | |
| 6. | रायपुर | सी. जी. 1464 | गिरौदपुरी से बरेली मार्ग | श्री एच. एस. खरे, (अधीक्षण अभियंता) | 08-10-09 | बी. बी. कार्य में सुधार बावत् निर्देश ठेकेदार को दिया गये है. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निसार अहमद (एस. क्यू. एम) | 26-04-2009 | एस. आर. आई. रिमार्क दिया गया. |
| | | | | श्री जे. एस. जब्बल (कार्यपालन अभियंता) | 24-08-09 | सी. सी. कार्य में सुधार बाबत् निर्देश ठेकेदार को दिये गये है. |
| 7. | रायपुर | सी. जी. 1447 | मुख्य मार्ग से पिपराही | | | शिकायत की जांच होना शेष. |
| 8. | रायपुर | सी. जी. 1444 | कोकड़ी से भिलाई | छ. ग. ग्रा. स. वि. अ. द्वारा गठित दल. | 09-09-09 एवं 10-09-09 | कार्य मापदण्डों के अनुरुप पाया गया. |
| | | | | श्री एन. पी. विजयवर्गीय (एस. क्यू. एम) | 27-05-09 | एस. ग्रडीग प्राप्त |
| | | | | श्री एस. एन. सूदन (एस. क्यू. एम) | 09-09-09 | एस. ग्रडीग प्राप्त |
| 9. | रायपुर | सी. जी. 1473 | हरदी से डागनबाय | | | शिकायत की जांच होना शेष. |
| 10. | रायपुर | सी. जी. 1479 | परसदा से खपरी (दुत) | | | शिकायत की जांच होना शेष. |
| 11. | बिलासपुर | सी. जी. 0252(1) | L089 भैरवीडीह | श्री पी. पी. गुप्ता श्री डी. के कौशल | 24-12-2008 से 30-12-2008 | |
| 12. | | | T13 (भरारी) से परसदा | | | ठेकेदार द्वारा कराये गये कार्य को अमान्य कर किये गये कार्य को शून्य एवं किये भुगतान की वसूली की कार्यवाही की जा रही है. सड़को को उखाडकर मापदण्ड के अनुसार कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया है तथा ठेकेदार द्वारा उखाडकरमापदण्ड के अनुसार कार्य कराया जा रहा है. |
| 13. | | | T08 धमनी से तैलसरा | | | |
| 14. | | | T07 पासिद से मंगला (पी) | | | |
| 15. | | | बिलासपुर सिपद रोड़ से बिल्हाटी | | | |
| 16. | | | T09 निपनिया से पेण्डरवा सम्बलपुरा | | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17. | | | बिल्हा से दगोरी रोड़ से गोढ़ी | | | |
| 18. | | | बिल्हा से मुड़ीपार | | | |
| 19. | | | T08 से बोड़सरा | | | |
| 20. | | | बिलासपुर कटघोरा रोड़ से बेलपारा सल्का. | | | |
| 21. | | | बिलासपुर परसाही से उरतुम | | | |
| 22. | | | बिलासपुर कटघोरा रोड़ से जलसो से पोन्सरा. | | | |
| 23. | | | T04 (बिलासपुर रायपुर रोड़) से बदरा (ब) | | | |
| 24. | | | T02 (सीपत बलोदा रोड़) से दर्रांभाठा. | | | |
| 25. | | | T07 (बैरामनगर गतौरा आर डी.) से परसदा (क ). | | | |
| 26. | बिलासपुर | सी. जी. 02-65 | अमेरी से अकबरी | श्री टी. के. मुखोपाध्याय एवं श्री एम. एस. चौहान, (एन. क्यू. एम.) | 21-08-2009 से 02-09-2009 | ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. एवं अमानक अमान्य कार्यों को उखाड़कर निर्धारित मापदण्ड के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिये गये है. सुधार कार्य प्रगति पर है. |
| 27. | बिलासपुर | सी. जी. 02-65 | कोटा पंडरिया रोड से बांधा | श्री एच. एस. खरे अधीक्षण अभियंता. | | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28. | बिलासपुर | सी. जी. 02-55 | रतनपुर कटघोरा रोड से कर्रा | श्री टी. के. मुखोपाध्याय (एन. क्यू. एम.) | 24-08-2009 | निर्माण कार्यों में नियुक्त सलाहकारों का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. तथा अमानक कार्य को उखाड़कर पुन: मानक अनुसार कार्य कराने के निर्देश दिये गये है ठेकेदार द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है. |
| 29. | | | केंदा से मझगवा | श्री एस. के. बक्सी (एस. क्यू. एम.) | 26-04-2009 | इन सड़को के कार्य में बिलम्ब हेतु संबंधित ठेकेदार में अमर बिल्डर्स को कार्यपालन अभियंता के कार्यालय पत्र क्र. 1931/तक/पी. आई. यू.-2/2009 दिनांक 11-11-2009 द्वारा अनुबंध निरस्त करने हेतु नोटिस जारी किया गया. |
| 30. | | | बहेरामुड़ा से कुरदर | | | |
| 31. | बिलासपुर | सी. जी. 02-62 | गौरेला केंवची रोड से बैगाटोला. | श्री टी. के. मुखोपाध्याय (एन. क्यू. एम.) | 26-04-2009 | ठेकेदार एवं कार्य में नियुक्त सलाहकार को शो-काज नोटिस जारी किया गया है तथा अमानक स्तर के कार्य को को उखाड़कर पुन: मानक अनुसार कार्य कराने के निर्देश दिये गये है, ठेकेदार द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है. |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 07 (क्र. 120) के भाग (क) की जानकारी ]

### जिलेवार शासकीय महाविद्यालयों की संख्या

| क्रमांक (1) | जिला (2) | संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 23 |
| 2. | महासमुन्द | 06 |
| 3. | धमतरी | 05 |
| 4. | दुर्ग | 20 |
| 5. | राजनांदगांव | 15 |
| 6. | कबीरधाम | 05 |
| 7. | कांकेर | 06 |
| 8. | बस्तर | 06 |
| 9. | दन्तेवाड़ा | 05 |
| 10. | बिलासपुर | 16 |
| 11. | जांजगीर-चांपा | 11 |
| 12. | कोरबा | 06 |
| 13. | रायगढ़ | 09 |
| 14. | जशपुर | 06 |
| 15. | सरगुजा | 13 |
| 16. | कोरिया | 05 |
| 17. | बीजापुर | 01 |
| 18. | नारायणपुर | 01 |
| | कुल योग | 159 |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्र. 215) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. | पद | शास. महा., सिलफिली | | | शास. महा., विश्रामपुर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | प्राचार्य | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 |
| 2. | स. प्रा. हिन्दी | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 |
| 3. | स. प्रा. अंग्रेजी | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - |
| 4. | स. प्रा. राजनीतिशास्त्र | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 |
| 5. | स. प्रा. समाजशास्त्र | - | - | - | 1 | - | 1 |
| 6. | स. प्रा. अर्थशास्त्र | 1 | - | 1 | - | - | - |
| 7. | स. प्रा. भूगोल | 1 | - | 1 | - | - | - |
| 8. | स. प्रा. प्राणीशास्त्र | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 |
| 9. | स. प्रा. वनस्पतिशास्त्र | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 |
| 10. | स. प्रा. भौतिकशास्त्र | - | - | - | 1 | - | 1 |
| 11. | स. प्रा. गणित | - | - | - | 1 | - | 1 |
| 12. | स. प्रा. वाणिज्य | 2 | - | 2 | 1 | - | 1 |
| 13. | स. प्रा. रसायनशास्त्र | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 |
| 14. | ग्रंथपाल | - | - | - | - | - | - |
| 15. | प्रयोगशाला तकनीशियन | 3 | - | 3 | 3 | - | 3 |
| 16. | सहायक ग्रेड-2 | 1 | - | 1 | 1 | - | 1 |
| 17. | सहायक ग्रेड-3 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | - |
| 18. | भृत्य | 2 | - | 2 | 2 | - | 2 |
| 19. | स्वीपर | - | - | - | - | - | - |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 188) के भाग (ख ) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में 23 दिसंबर, 2009 तक स्टापडेम, चेकडेम, नहर, नाली निर्माण एवं नहर लाईलिंग कार्यों में मजदूरों तथा सामग्री का प्रतिशत की जानकारी**

| क्र. | जिला का नाम | स्टापडेम | | चेकडेम | | नहर | | नाली निर्माण | | नहर लाइलिंग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मजदूरी का प्रतिशत | सामग्री का प्रतिशत | मजदूरी का प्रतिशत | सामग्री का प्रतिशत | मजदूरी प्रतिशत | सामग्री का प्रतिशत | मजदूरी प्रतिशत | सामग्री का प्रतिशत | मजदूरी का प्रतिशत | सामग्री का प्रतिशत |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| **वर्ष 2008-09** | | | | | | | | | | | |
| 1. | रायपुर | 32.00 | 68.00 | 0.00 | 0.00 | 75.00 | 25.00 | 47.00 | 53.00 | 55.00 | 45.00 |
| 2. | दुर्ग | 60.00 | 40.00 | 66.00 | 34.00 | 63.00 | 37.00 | 71.00 | 29.00 | 63.00 | 37.00 |
| 3. | राजनांदगांव | 44.80 | 52.20 | 72.89 | 27.11 | 61.00 | 39.00 | 57.27 | 42.73 | 34.00 | 66.00 |
| 4. | महासमुंद | 32.91 | 67.09 | 0.00 | 0.00 | 68.15 | 31.85 | 32.55 | 67.44 | 41.17 | 58.83 |
| **वर्ष 2009-10** | | | | | | | | | | | |
| 1. | रायपुर | 30.00 | 70.00 | 0.00 | 0.00 | 76.00 | 24.00 | 80.00 | 20.00 | 47.00 | 53.00 |
| 2. | दुर्ग | 69.00 | 31.00 | 71.00 | 29.00 | 67.00 | 33.00 | 70.00 | 30.00 | 60.00 | 40.00 |
| 3. | राजनांदगांव | 33.49 | 66.51 | 86.95 | 13.05 | 65.78 | 34.22 | 46.94 | 53.06 | 36.52 | 63.48 |
| 4. | महासमुंद | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 65.67 | 34.33 | 25.44 | 74.56 | 47.87 | 52.13 |

प्रपत्र "ब"

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत वर्ष 2009-10 में 23 दिसंबर, 2009 तक रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, एवं महासमुंद जिलों में मजदूरी तथा सामग्री का प्रतिशत की जानकारी**

| क्रमांक<br>(1) | जिला का नाम<br>(2) | मजदूरी का प्रतिशत<br>(3) | सामग्री का प्रतिशत<br>(4) |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 69.00 | 31.00 |
| 2. | दुर्ग | 75.00 | 25.00 |
| 3. | राजनांदगांव | 69.00 | 31.00 |
| 4. | महासमुंद | 66.79 | 33.21 |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 114) के भाग (क), (ग) एवं (घ) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**अड़िवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों का विवरण**

| स. क्र. | वर्ष | सड़क का नाम | स्वीकृति विवरण लम्बाई (कि. मी. में) | स्वीकृति विवरण लागत (रु. लाख में) | ठेकेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 2007-08 | मेनरोड से पोटिया (मेडेसरा) | 4.38 | 116.63 | मेसर्स बाफना अर्थ मूवर्स |
| 2. | 2007-08 | मेनरोड से भटगांव (सिरसाखुर्द) | 2.75 | 79.94 | मेसर्स बाफना अर्थ मूवर्स |
| 3. | 2007-08 | मेनरोड से करंजाभिलाई | 1.10 | 26.86 | मेसर्स बाफना अर्थ मूवर्स |
| 4. | 2008-09 | मेनरोड टी. 01 से अरसनारा | 2.65 | 78.21 | मेसर्स बाफना अर्थ मूवर्स |
| 5. | 2008-09 | करंजाभिलाई से बासीन | 4.60 | 134.31 | मेसर्स बाफना अर्थ मूवर्स |
| 6. | 2008-09 | मेनरोड से सेमरिया | 1.70 | 48.10 | मेसर्स विजय कंस्ट्रक्शन |
| 7. | 2008-09 | मेनरोड टी. 03 से जंजगिरी | 8.90 | 260.55 | मेसर्स विजय कंस्ट्रक्शन |

प्रपत्र "ब"

**अखिधारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2009-10 में प्रस्तावित सड़कों का विवरण**

| स. क्र. | सड़क का नाम | विवरण | |
|---|---|---|---|
| | | लम्बाई (कि. मी. में) | लागत (रु. लाख में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | अखिधारा से क्षीर मार्ग | 7.15 | 232.41 |
| 2. | कोडिया से डोगरिया (बोडेगांव) | 5.7 | 196.45 |
| 3. | मुख्य मार्ग से घिकुडिया | 2.2 | 68.51 |
| 4. | मुख्य मार्ग से झोंझरी मार्ग | 2.4 | 67.87 |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 137) के भाग (ख) की जानकारी ]

| स. क्र. (1) | नाम एवं पद (2) | वर्तमान पद स्थापना (3) |
|---|---|---|
| 1. | श्री के. के. मान्धाता, मुख्य अभियंता. | प्रभारी प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ रायपुर |
| 2. | श्री एच. आर. कुटारे, मुख्य अभियंता. | प्रभारी मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, रायपुर |
| 3. | श्री ए. के. खरे, अधीक्षण अभियंता. | प्रभारी प्रमुख अभियंता, (प्रबो.), कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़, रायपुर. |
| 4. | श्री आर. बी. सिंह, (कार्यपालन अभियंता) | प्रभारी अधीक्षण अभियंता, श्याम बरनाई परियोजना मण्डल, अम्बिकापुर |
| 5. | श्री ए. शकील, (कार्यपालन अभियंता) | प्रभारी अधीक्षण अभियंता, महानदी मण्डल, रायपुर |
| 6. | श्री आर. सी. द्विवेदी, (कार्यपालन अभियंता) | प्रभारी अधीक्षण अभियंता, मिनीमाता बांगो बांध मंडल,खरसिया |
| 7. | श्री अनील कुमार दुबे, (कार्यपालन अभियंता) | प्रभारी अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन मण्डल, रायगढ़ |
| 8. | श्री बी. डी. वैष्णव, (कार्यपालन अभियंता) | प्रभारी अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मण्डल, रायपुर |
| 9. | श्री एस. व्ही. भागवत, (कार्यपालन अभियंता) | प्रभारी प्रमुख अभियंता, (प्रशा.), कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग रायपुर. |
| 10. | श्री ए. डी. वैष्णव, (कार्यपालन अभियंता) | प्रभारी अधीक्षण अभियंता, म. ज. प. बांध मण्डल, रूद्री |
| 11. | श्री आर. बी. शुक्ला, (कार्यपालन अभियंता) | प्रभारी अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल, दुर्ग |
| 12. | श्री पी. के. अग्रवाल, सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग |
| 13. | श्री कैलाश मिश्रा, सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कवर्धा, जिला-कबीरधाम |
| 14. | श्री अखिलेश वर्मा, सहायक अभियंता. | प्रभारी उप संचालक, जल मौसम विज्ञान संभाग क्रमांक-4, रायपुर |
| 15. | श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग, रूद्री |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 16. | श्री डी. के. नाग सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, बांध संभाग-2, रूद्री |
| 17. | श्री व्ही. के. वच्छानी, सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कांकेर |
| 18. | श्री अलोक अग्रवाल, सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर |
| 19. | श्री जी. पी. पाण्डे सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, सूरजपुर |
| 20. | श्री पी. के. खरे, सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड |
| 21. | श्री ए. के. यदु सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मुंगेली |
| 22. | श्री व्ही. के. श्रीवास्तव, सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा |
| 23. | श्री एन. तिर्की, सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग,जशपुरनगर |
| 24. | श्री दिनेश भगोरिया सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग,गरियाबंद |
| 25. | श्री जी. एच. सागर सहायक अभियंता. | प्रभारी अनुसंधान अधिकारी, गुण नियंत्रण ईकाई, भाठागांव, मुख्यालय-रायपुर |
| 26. | श्री ए. के. नत्थानी सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग,महासमुंद |
| 27. | श्री डी. सी. जैन सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव |
| 28. | श्री आर. के. अग्रवाल सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, केलो परि. सर्वेक्षण संभाग, रायगढ़ |
| 29. | श्री आर. पी. शुक्ला सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग,मरवाही, मुख्यालय-पेण्ड्रारोड |
| 30. | श्री दमोदर मिश्रा सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, रायगढ़ |
| 31. | श्री एस. आर. सिरसाज सहायक अभियंता. | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, वि. /यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग, बिलासपुर. |

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नांकित 3 सहायक अभियंताओं को उनके कार्य के अतिरिक्त शासन द्वारा नियमित पदस्थापना होने तक निम्न संभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है :-

| स. क्र. | सहायक अभियंता जिन्हें कार्यपालन अभियंता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है | संभाग का नाम जिसका प्रभार सौंपा गया है |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | श्री सुरेश कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता. | कार्यपालन अभियंता, जल प्रबंध संभाग क्र. -1, रायपुर (अतिरिक्त प्रभार) |
| 2. | श्री एन. एस. बसरा, सहायक अभियंता (वि./यां.) | प्रभारी कार्यपालन अभियंता, वि./यां. सौंग, माचाडोली (अतिरिक्त प्रभार) |
| 3. | श्री ए. पी. सिंह, सहायक अभियंता. | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोण्डागांव (अतिरिक्त प्रभार) |

परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 164) के भाग (ख) की जानकारी ]

सूपकोन्हा वितरण नहर की जानकारी

| स. क्र. (1) | आयटम (2) | 0 से 8850 (3) | 8850 से 21183 (4) | 21183 से 24776 (5) | 24776 से 27706 (6) | 27706 से 32430 (7) | 32430 से 39680 (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सी. एन. एस. की मोटाई | 0.75 मी. | 0.75 मी. | 0.75 मी. | 0.75 मी. | 0.75 मी. | 0.75 मी. |
| 2. | नहर की गहराई | 2.35 मी. | 2.30 मी. | 2.10 मी. | 1.90 मी. | 1.60 मी. | 1.35 मी. |
| 3. | नहर की चौड़ाई | 5.00 मी. | 4.50 मी. | 3.50 मी. | 3.50 मी. | 3.00 मी. | 2.00 मी. |
| 4. | स्लीपर साइज | 0.20 x 0.15 मी. | 0.20 x 0.15 मी. | 0.20 x 0.15 मी. | 0.20 x 0.15 मी. | 0.20 x 0.15 मी. | 0.20 x 0.15 मी. |

परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 201) की जानकारी ]

**जिला पंचायत-बिलासपुर द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में जल संसाधन विभाग, वन विभाग एवं आर. ई. एस. को प्रदाय राशि में से लंबित मजदूरी भुगतान की विकासखंडवार एवं विभागवार जानकारी**

| क्र. (1) | विभाग का नाम (2) | विकासखण्ड का नाम (3) | मजदूरों की संख्या (4) | राशि (रुपये में) (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मु. का. अधि. ज. पं. मस्तूरी | मस्तूरी | 32 | 125000 |
| 2. | मु. का. अधि. ज. पं. मरवाही | मरवाही | 5206 | 11700000 |
| 3. | मु. का. अधि. ज. पं. गौरेला | गौरेला | 679 | 341000 |
| 4. | मु. का. अधि. ज. पं. पेण्ड्रा | पेण्ड्रा | 605 | 141200 |
| 5. | मु. का. अधि. ज. पं. कोटा | कोटा | 210 | 302000 |
| 6. | मु. का. अधि. ज. पं. मुंगेली | मुंगेली | 8238 | 4712290 |
| 7. | मु. का. अधि. ज. पं. पथरिया | पथरिया | 500 | 414892 |
| 8. | कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कोटा. | लोरमी | 362 | 369337 |
| 9. | कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर. | मुंगेली | 425 | 191000 |
| 10. | कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मरवाही. | मरवाही | 505 | 431650 |
| 11. | वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल बिलासपुर | लोरमी | 789 | 1167268 |
| | | कोटा | 347 | 727375 |
| | | मस्तुरी | 110 | 150162 |
| | | बिल्हा | 558 | 778425 |
| | | तखतपुर | 372 | 259950 |
| | | पथरिया | 175 | 259000 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 12. | वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल सामाजिक वानिकी बिलासपुर | मस्तुरी | 8 | 14400 |
| | | बिल्हा | 8 | 3450 |
| | | तखतपुर | 49 | 33000 |
| 13. | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग मुंगेली. | तखतपुर | 102 | 442288 |
| 14. | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बिलासपुर. | मस्तुरी | 80 | 58782 |
| | | पथरिया | 59 | 42610 |
| | | बिल्हा | 69 | 42619 |
| | | कुल योग | 27548 | 23009698 |